'त्वरित नवाचार और अनुसंधान हेतु साझेदारी'

स्रोत: पी.आई.बी

अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (ANRF) ने भारतीय विश्वविद्यालयों में अनुसंधान उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिये **त्वरित नवाचार और अनुसंधान के लिये साझेदारी (PAIR) कार्यक्रम** शुरू किया है।

- **उद्देश्य: PAIR का लक्ष्य हब-एंड-स्पोक मॉडल का** उपयोग करके विश्वविद्यालय में अनुसंधान उत्कृष्टता को बढ़ाना है, तथा मार्गदर्शन और सहयोग के लिये **शीर्ष-स्तरीय विश्वविद्यालयों (हब) को उभरते संस्थानों (स्पोक)** के साथ जोड़ना है।
  - हब संस्थानों में **शीर्ष** 25 राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF) समग्र रैंकिंग वाले संस्थानों के साथ-साथ शीर्ष 50 NIRF समग्र रैंकिंग वाले राष्ट्रीय महत्त्व के संस्थान सहित सीमित अनुसंधान बुनियादी ढाँचे वाले केंद्रीय और राज्य सार्वजनिक विश्वविद्यालयों का मार्गदर्शन करेंगे।
- **NEP 2020 के अनुरूप:** राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP), 2020 के अनुरूप, PAIR अनुसंधान अंतराल को कम कर क्षेत्रीय विविधता तथा भारत के विश्वविद्यालयों में नवाचार को बढ़ावा देता है।
- **ANRF:** इसकी स्थापना **ANRF, 2023 अधिनियम के साथ की गई है,** यह NEP की सिफारिशों के अनुसार देश में **वैज्ञानिक अनुसंधान की उच्च-स्तरीय रणनीतिक दिशा प्रदान करने के लिये एक शीर्ष निकाय** के रूप में कार्य करता है।
  - ANRF की स्थापना के साथ, वर्ष 2008 में संसद के एक अधिनियम द्वारा स्थापित **विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड (SERB) को** ANRF में शामिल कर लिया गया है।

और पढ़ें: भारत का अनुसंधान एवं विकास परिदृश्य

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/partnerships-for-accelerated-innovation-and-research